## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार**

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री के साथ साथ 72 मंत्रियों को भी दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों की नई टीम को बताया युवा जोश और अनुभव का अद्भुत संगम, शपथ ग्रहण का हिस्सा बने दुनिया भर के गणमान्य लोगों के प्रति जताया आभार ।
- एक जुलाई से लागू किये जा रहे नये कानून में भीड़ द्वारा हिंसा पर भी किये गये हैं सख्त प्रावधान ।
- योग के प्रचार प्रसार में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को मिलेगा प्रधानमंत्री पुरस्कार 2024 ।

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र दामोदरदास मोदी ने कल शाम राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित समरोह में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। श्री मोदी, पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले देश के पहले राजनेता बन गये हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें और उनके मंत्रिमंडल के 72 सहयोगियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके साथ प्रमुख रूप से राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, एस.जय. शंकर, मनोहर लाल खट्टर, पीयूष गोयल, एच.डी. कुमार स्वामी, जीतन राम मांझी, राजीव रंजन सिंह और चिराग पासवान सहित 31 मंत्रियों ने कैबिनेट, पांच ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और 36 ने राज्य मंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ ली।

उत्तर प्रदेश से जिन सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है, उनमें राजनाथ सिंह के अलावा हरदीप सिंह पुरी, जयन्त चौधरी, जितिन प्रसाद, पंकज चौधरी, बीएल वर्मा, अनुप्रिया पटेल, कमलेश पासवान, एसपी सिंह बघेल और कीर्तिवर्धन सिंह शामिल हैं। हरदीप सिंह पुरी और जयन्त चौधरी को कैबिनेट का दर्जा मिला है।

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, कई प्रदेशों के राज्यपालों, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और एनडीए के वरिष्ठ नेताओं सहित गणमान्य लोगों ने शिरकत की। समारोह में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ0 मोहम्मद मुईज़्ज़ू, बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रवीन्द्र कुमार जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोग्बे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे विशेष रूप से मौजूद रहे।

**********

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार में मंत्रि पद की शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में लिखा है कि मंत्रियों की उनकी टीम में युवा जोश और अनुभव का अद्भुत संगम है। उन्होंने शपथ ग्रहण का हिस्सा बनने वाले दुनिया भर के गणमान्य लोगों के प्रति भी आभार प्रकट किया है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले दस वर्षों में राष्ट्र का नव उत्थान हुआ है। उन्होंने एक सोशल मीडिया संदेश में मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी की लोक निष्ठा, राष्ट्र निष्ठा, दक्षता और कर्मठता आत्मनर्भर भारत विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में एनडीए सरकार बनने पर उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी जश्न मनाया जा रहा है। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया कि नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ ग्रहण के अवसर पर वाराणसी में नमामि गंगे ने महर्षि योगी विद्याश्रम के वेदपाठी बटुकों के साथ कल सिंधिया घाट पर मां गंगा का दुग्धाभिषेक करके मोदी मंत्रिमंडल के लिए आशीर्वाद मांगा। आत्मनिर्भर भारत–विकसित भारत के निर्माण और 140 करोड़ परिवारजन की सेवा के लिए पूर्णतः संकल्पित मोदी सरकार के लिए मां गंगा की आरती भी उतारी गयी। ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम पर जश्न मनाया गया।

**********

इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय ने इस साल नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न भाषाओं, संगीत और शेयर मार्केट समेत तेरह कौशल से जुड़े छोटे छोटे पाठ्यक्रमों की शुरूआत की है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इन पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय के बाहर के विद्यार्थी और महिलाएं भी प्रवेश ले सकती हैं। इनमें से प्रत्येक पाठ्यक्रम की अवधि नब्बे दिनों की होगी । नई शिक्षा नीति के तहत नेशन बिल्डिंग एंड सोशल सर्विस का कोर्स सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य किया गया है, जिसमें उन्हें देश हित और सामाजिक सेवा से जुड़े मुद्दों की जानकारी दी जाएगी। प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर अपनी जानकारियां साझा कर विद्यार्थी पंजीकरण करवा सकते हैं।

**********

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–बीएनएसएस 2023 और भारतीय न्याय संहिता–बीएनएस 2023 कानून में पहली बार के अपराधियों के बारे में बदलाव किया गया है, जिसमें न्याय के लिए पुनर्वास और करूणा पर जोर दिया गया है। मुरादाबाद स्थित उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में विशेष अभियोजन अधिकारी केपी मिश्रा ने आकाशवाणी संवाददाता सुशील चन्द्र तिवारी से खास बातचीत में कहा कि नये कानूनों के तहत भीड़ द्वारा की गई हिंसा पर भी सख्त धाराएं लागू की जायेंगी।

***माननीय उच्चतम न्यायालय ने भारत सरकार से कहा था कि सरकार एक मॉब लिंचिंग के बारे में कानून बनाये तो उसी को देखते हुए सरकार ने एक मॉब लिचिंग का भी कानून बनाया है, जो दो प्रकार की मॉब लिंचिंग जेसे हम कहते है कि धारा एक सौ तीन दो में और एक सौ सत्रह चार में मॉब लिंचिंग बनाया अक्सर ये दुर्घटनायें बहुत होती थी। धारा एक सौ तीन उपधारा दो निनिमम मांच या अधिक व्यक्ति होंगे अगर इससे कितने भी अधिक हो मिनिमम पांच व्यक्ति कोई जातीय हिंसा, जाति लिंग समुदाय आदि के आधारों पर अगर एक राय होकर किसी व्यक्ति की हत्या कर देते है तो चाहे सौ व्यक्ति हो चाहे एक हजार सभी ऐसे एक हजार व्यक्तियों पर धारा एक सौ तीन क दो लगाकर के उसको हत्या मृत्यु दंड से दंडित करने का प्राविधान कर दिया गया है।***

**********

आगामी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए भारत सरकार का आयुष मंत्रालय सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के जरिये लोगों से योग अभ्यास की अपील कर रहा है। मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि योग न सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांति प्रदान करता है। मंत्रालय ने योग के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2024 की भी शुरूआत की है जिसका उद्देश्य उन नायकों की पहचान करना है जो दुनिया भर में योग के फायदों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इस पुरस्कार के लिए पात्र लोगों से अधिक से अधिक नामांकन करने की अपील की गयी है।

**********

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में ग्यारह लोगों की मौत हो गयी और तेरह लोग घायल हो गये। घायलों का इलाज जारी है।

अमेठी जिले के मुंशीगंज थानाक्षेत्र के जामो भादर चौराहे पर कल एक तेज रफ्तार बोलेरो और बुलेट की टक्कर में अनियंत्रित होकर बोलेरो पेड़ से टकरा गयी। इस दुर्घटना में बुलेट सवार भाई, बहन और भांजे की मौत हो गयी। साथ ही बोलेरो सवार दो महिलाओं की भी मौके पर ही मौत हो गयी। इस हादसे में घायल बोलेरो सवार छः लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया, जहां से तीन घायलों को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।

सुल्तानपुर जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के सुल्तानपुर–बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अनियंत्रित चारपहिया वाहन के टक्कर से बाइक सवार हेड कांस्टेबल और उनकी पत्नी की कल मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल साइकिल सवार को इलाज के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया ।

अमरोहा जिले के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार दो कारों और एक बोलेरो की टक्कर में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि छह लोग गंभीर तौर पर घायल हो गये।

मरने वाले सभी लोग गजरौला जिले के रहने वाले थे और दोस्त की जन्मदिन पार्टी से लौट रहे थे। हादसा उस समय हुआ जब मनौटा पुल के पास उनकी कार को सामने से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया और उसी समय पीछे से आ रही एक अन्य कार भी टकरा गयी।

**********

जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में कल शाम तीर्थयात्रियों को ले जा रही प्रदेश की एक बस पर आतंकियों द्वारा की गयी गोलाबारी में बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की फिलहाल पूरी तरह से पहचान नहीं हो सकी है। जिन घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, उनमें बलरामपुर जिले की तीन महिलाएं, गोंडा के एक तीर्थयात्री और वाराणसी के दो अन्य तीर्थयात्रियों की पहचान हो सकी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुःख प्रकट करते हुए प्रदेश के अपर मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को स्थानीय प्रशासन से सम्पर्क कर हर संभव मदद करने का निर्देश दिया है।

**********